# राजनीति विज्ञान तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध (प्रश्न-पत्र–II)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दीजिए।

---

# POLITICAL SCIENCE AND INTERNATIONAL RELATIONS (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन के लिए मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर चर्चा कीजिए।

Discuss the psychological approach to the study of comparative politics.

*(b)* नव-उदारवाद ने नव-यथार्थवाद की अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के अंधकारमयी दृष्टिकोण को प्रकाशमान किया। टिप्पणी कीजिए।

Neo-liberalism lightened neo-realism's dark view of international politics. Comment.

*(c)* खाद्य एवं पर्यावरणीय खतरों के संदर्भ में गैर-पारम्परिक सुरक्षा संकटों की व्याख्या कीजिए।

Explain the non-traditional security threats in the context of food and environmental crises.

*(d)* खुले तथा बन्द समाज में राजनीतिक समाजीकरण की चर्चा कीजिए।

Discuss the political socialization of open and closed societies.

*(e)* नारीवादी अधिकारों के संदर्भ में लाल लिपस्टिक आंदोलन पर टिप्पणी कीजिए।

Comment on the Red Lipstick Movement in the context of feminist rights.

**2.** *(a)* वर्तमान विश्व 'लोकतांत्रिक पतन' तथा 'लोकतांत्रिक प्रतिक्रिया' की दोहरी प्रक्रिया से गुज़र रहा है। आप इस विरोधाभास को कैसे समझाएँगे?

The world currently has been in the throes of a twin process of 'democratic backsliding' and 'democratic backlash'. How would you explain this paradox? 20

(b) विश्व स्वास्थ्य संगठन से संयुक्त राज्य अमेरिका के हट जाने से वैश्विक स्वास्थ्य पर दूरगामी प्रभाव आने निश्चित हैं। मौजूदा डब्ल्यू० एच० ओ० की पुनर्कल्पना करना वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडा के लिए महत्त्वपूर्ण है। विवेचना कीजिए।

The withdrawal of the United States of America from the World Health Organization is set to have far-reaching impacts on global health. Reimagining the existing WHO is vital for the global health agenda. Discuss. 15

(c) बहुराष्ट्रीय अभिनेताओं ने अपनी नवीन अंतर्दृष्टि और कार्यों के माध्यम से दुनिया को गुणात्मक रूप से बदल दिया है। अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

Transnational actors have qualitatively transformed the world by the way of their fresh insights and actions. Illustrate your answer with suitable examples. 15

3. (a) हाल के समय में केन्द्रवादी और वामपंथी राजनीतिक दलों को असफलताओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दक्षिणपंथी दल विश्व भर में बढ़त हासिल कर रहे हैं। टिप्पणी कीजिए।

Of late, centrist and centre-left political parties have been facing setbacks while centre-right parties have been in ascendency the world over. Comment. 20

(b) सामूहिक सुरक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी (R2P) समान हैं किन्तु कार्यक्षेत्र, लक्ष्य तथा पद्धति में भिन्न हैं। समझाइए।

Collective security and responsibility to protect (R2P) are similar but different in scope, goals and methods. Explain. 15

(c) वैश्वीकरण का वैश्विक दक्षिण-संवेदनशील प्रतिमान, अति-केन्द्रित वैश्वीकरण के खतरे को रोकेगा। विवेचना कीजिए।

Global South-sensitive model of globalization would prevent the danger emanating from overcentralized globalization. Discuss. 15

4. (a) क्षेत्रीय सम्प्रभुता, आर्थिक अखण्डता और वैकल्पिक विकास पर बल देने वाले विभिन्न संगठनों की स्थापना के आधार पर लैटिन अमेरिका ने यू० एस० के नेतृत्व में स्थापित वैश्विक आर्थिक व्यवस्था का विकल्प प्रस्तुत करने में सीमित सफलता प्राप्त की है। चर्चा कीजिए।

Latin America has made moderate success in countering US-led global economic order by forming various organizations emphasizing regional sovereignty, economic integration and alternative development. Discuss. 20

(b) क्षेत्रीय समस्याओं को सम्बोधित करने में 'आसियान प्लस श्री' किस हद तक सफल रहा है? सुस्पष्ट उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर को समर्थित कीजिए।

How successful has the 'ASEAN Plus Three' been in addressing regional problems? Support your answer with specific examples. 15

(c) ''ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी यूरोपीय संघ को अपनी रक्षा तथा आर्थिक और तकनीकी पुनरुद्धार में निवेश करने के दबाव के लिए एक झटका है।'' टिप्पणी कीजिए।

"Trump's return to the White House is a jolt to push the European Union to invest in its own defence and economic and technological revival." Comment. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) चीन के बढ़ते प्रभाव और बांग्लादेश में शक्तियों के संतुलन में बड़े बदलाव ने ढाका में भारत के प्रभाव को कमजोर किया है। टिप्पणी कीजिए।

China's growing footprint and a tangible shift in power dynamics in Bangladesh has weakened India's leverage in Dhaka. Comment.

(b) क्या आप इस तर्क से सहमत हैं कि भारत के 'अधिक आक्रामक अतियथार्थवादी (हाइपर-रिअलिस्ट) दृष्टिकोण' के प्रति झुकाव ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद एक नई गति प्राप्त कर ली है? टिप्पणी कीजिए।

Would you agree with the contention that India's inclination to lean on a 'more aggressive hyper-realist posture' has gained a new momentum in the aftermath of the Pahalgam terrorist strike? Comment.

(c) भारत के लिए एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का अर्थ एक बहुध्रुवीय एशिया का होना भी होगा। टिप्पणी कीजिए।

For India, a multipolar world order would also mean a multipolar Asia. Comment.

(d) भारत की गुटनिरपेक्षता के प्रति बढ़ती उदासीनता के बीच क्या गुटनिरपेक्ष आंदोलन का कोई भविष्य है?

Does the Non-Aligned Movement have any future in the wake of India's growing indifference towards it?

(e) भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक संबंध एक 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' में बदल गए हैं। टिप्पणी कीजिए।

Historical ties between India and Japan grew into a 'special strategic and global partnership'. Comment.

6. (a) स्वतंत्रता के बाद भारतीय विदेश नीति के विभिन्न चरणों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। आपके अनुसार एस० जयशंकर द्वारा वर्तमान चरण का 'सक्रिय कूटनीति' के चरण के रूप में वर्गीकरण कितना उचित है?

Critically analyze the different phases of India's foreign policy since independence. How justified, do you think, is S. Jaishankar's classification of the current phase as the phase of 'energetic diplomacy'? 15+5=20

(b) भारत उन देशों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखता है जो एक स्वतंत्र और खुली इंडो-पैसिफिक सुनिश्चित करेंगे और दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ बेहतर संपर्क की गारंटी देंगे। विश्लेषण कीजिए।

India maintains strong ties with countries that will assure a free and open Indo-Pacific and guarantee greater connectivity with rest of the world. Analyze. 15

(c) टैरिफ की धमकियों ने भारत और यूरोपीय संघ को करीब ला दिया है। भारत व ई० यू० की साझेदारी का मूल्यांकन कीजिए।

The tariff threats have pushed India and the European Union closer. Evaluate the India-EU partnership. 15

7. *(a)* भारत अपनी समय-परखित रणनीतिक आत्मनिर्भरता की नीति संयुक्त राज्य अमेरिका तथा रूस दोनों के साथ संबंधों में जारी रखते हुए कश्मीर मुद्दे पर यू० एस० की मध्यस्थता के प्रस्ताव को अस्वीकार करता है तथा यूक्रेन के साथ चलते युद्ध के लिए रूस की आलोचना करने से इनकार करता है। टिप्पणी कीजिए।

India continues to invoke its time-tested policy of strategic autonomy vis-à-vis both the United States of America and Russia by rejecting US' offer of mediation on Kashmir issue and by refusing to criticize Russia in its ongoing war against Ukraine. Comment. 20

*(b)* ट्रम्प द्वारा अनेक देशों पर एकतरफा पारस्परिक शुल्क लगाया जाना डब्ल्यू० टी० ओ० की नियम-आधारित बहुपक्षीय वैश्विक व्यापार व्यवस्था के भविष्य को संभावित खतरा पहुँचाता है। डब्ल्यू० टी० ओ० के सदस्यों के पास संगठन को बचाने के कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं?

Trump's unilateral imposition of reciprocal tariffs on scores of countries poses impending threat to the future of the rule-based multilateral global trading system under the WTO. What options do the WTO members have to salvage the organization? 15

*(c)* गुटनिरपेक्षता 2·0 भारत की अनोखी आकांक्षा को उजागर करता है कि वह एक वैकल्पिक वैश्विकता का स्थल बने। टिप्पणी कीजिए।

NonAlignment 2·0 underscores India's unique aspiration to emerge as a site for an alternative universality. Comment. 15

8. *(a)* भारत के किसी भी प्रकार के 'अस्तित्वीय खतरे' को समझने की अनिच्छा ने अनिवार्य रूप से परमाणु सुरक्षा के बहुपक्षीय मार्ग को एक 'डिफॉल्ट विकल्प' बना दिया था जब तक कि इसने 1998 में परमाणु रूबिकॉन को पार करने का निर्णय नहीं लिया था। परमाणु प्रश्न पर भारत की स्थिति में इस परिवर्तन के कुछ प्रमुख कारणों की पहचान तथा विश्लेषण कीजिए।

India's reluctance to perceive any 'existential threat' inevitably made the multilateral path to nuclear security a 'default option' until it decided to cross the nuclear Rubicon in 1998. Identify and analyze some of the major reasons behind this shift in India's position on the nuclear question. 20

*(b)* भारत की अफ्रीका के प्रति नई रुचि के कुछ मुख्य कारणों पर चर्चा कीजिए जो लम्बे समय में चीन के सापेक्ष तुलनात्मक लाभ विकसित करने में सहायक हो सकते हैं।

Discuss some of the key drivers of India's new interests in Africa which might help in developing long-term comparative advantage over China. 15

(c) भारत, चीन और नेपाल के मध्य त्रिपक्षीय आर्थिक जुड़ाव के सम्भावित चरण को प्रारम्भ करने में भारत की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Discuss the potential role India can play in initiating a possible phase of trilateral economic engagement among India, China and Nepal. 15

★ ★ ★